# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 01 दिसंबर, 2022

## नगालैंड स्थापना दिवस

**01 दिसंबर को नगालैंड का स्थापना दिवस** मनाया जाता है। नगालैंड 01 दिसंबर, 1963 को भारतीय संघ के 16वें राज्य के रुप में अस्तित्व में आया था। **नगालैंड पूर्व में म्याँमार, उत्तर में अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम में असम तथा दक्षिण में मणिपुर** से घिरा हुआ है। **नगालैंड तथा म्याँमार के बीच सरामती पर्वत शृंखला प्राकृतिक सीमा** बनाती है जो नगालैंड की सबसे ऊँची पहाड़ी भी है। राज्य की लगभग **70% जनसंख्या कृषि** पर निर्भर है तथा यहाँ की मुख्य **खाद्य फसल धान है,** इसके अलावा कुल कृषि **के 70% भाग पर धान की खेती की जाती है।** यहाँ खेती की **स्लेश तथा बर्न** प्रणाली प्रचलित है जिसे स्थानीय स्तर पर **झूम खेती** कहा जाता है। राज्य का दीमापुर ज़िला पूरे देश से रेलवे एवं हवाई यातायात से जुड़ा है। **नगालैंड में प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह के पहले सप्ताह में ‘हॉर्नबिल उत्सव’ का आयोजन किया जाता है।**

## सीमा सुरक्षा बल

प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को ‘**सीमा सुरक्षा बल**’ **(BSF) का स्थापना दिवस** मनाया जाता है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद भारतीय सीमाओं की रक्षा करने के विशेष उद्देश्य के मद्देनज़र वर्ष 1965 में सीमा सुरक्षा बल (BSF) की स्थापना की गई थी। यह गृह मंत्रालय (MHA) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत के **पाँच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) में से एक है। सीमा सुरक्षा बल (BSF) के 2.65 लाख से अधिक रक्षा कर्मी पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात हैं। सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवानों को नक्सल विरोधी अभियानों, भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (LoC) पर तैनात किया गया है। इ** सके अंतर्गत एक एयर विंग, मरीन विंग, एक आर्टिलरी रेजिमेंट और कमांडो यूनिट शामिल है। **सीमा सुरक्षा बल (BSF)** द्वारा अपने अत्याधुनिक जहाज़ों के माध्यम से अरब सागर में **सर क्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरबन डेल्टा की सुरक्षा की जाती है। इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल (BSF)** आवश्यकता पड़ने पर प्राकृतिक आपदा के दौरान मानवीय जीवन को बचाने का कार्य भी करता है। **साथ ही इसके प्रशिक्षित कर्मियों को संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भी भेजा जाता है। अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हैं: केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), सशस्त्र सीमा बल (SSB)।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-01-december-2022